# कर दो कृपा कन्हैया इतनी अरज हमारी भजन लिरिक्स

कर दो कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी,
कबसे है आए बैठे,
तेरे दर पे हम भिखारी,
कर दो कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

तर्ज – मिलती है जिंदगी में।

---

तुझसे ही जिंदगी है,
तू ही मेरी बंदगी है,
तेरी कृपा भरोसे,
कट जाए उम्र सारी,
कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

---

तूने क्या नहीं किया है,
तूने क्या नहीं दिया है,
बस इतना और कर दो,
सेवा मिले तुम्हारी,
कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

---

मुझे फर्श से अर्श पर,
बिठा दिया है तुमने,
तुम हो बड़े दयालु,
दिखा दिया है तूने,
तेरे नाम ने बना दी,
ये जिंदगी हमारी,
कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

---

तेरे सामने ही रहना,
जब जान जाए मेरी,
मुझे और कुछ ना सूझे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बस याद आए तेरी,
ये तमन्ना 'बावरी' की,
पूरी करो बिहारी,
कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

---

कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी,
कबसे है आए बैठे,
तेरे दर पे हम भिखारी,
कर दों कृपा कन्हैया,
इतनी अरज हमारी।bd।

**Singer – Archana Bawari**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com